


डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक



पटना, 07 मार्च, मंगलवार, 2023


## संपादक की कलम से



हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-



**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278

### आवश्यक सूचना

**हमारे कांग्रेस दर्पण के सुधी पाठकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं। होली के मौके पर कांग्रेस दर्पण अखबार का कार्यालय दो दिन (7 मार्च और 8 मार्च) को बंद रहेगा अतः इसका अगला अंक 10 मार्च को पुनः प्रकाशित होगा।**




## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर बार देश को अपमानित करने का काम किया है। कभी 'स्कैम इंडिया' कह कर, कभी 'ये भी कोई देश है' कह कर.. देश इस सच को जानता है.. ये सच अब 'झूठे प्रोपेगेंडा' के पीछे नहीं छिपेगा।

# विपक्षी नेताओं के घर सीबीआई की छापेमारी दुर्भावना से प्रेरित: डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

बिहार में कभी लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी, तो बंगाल में ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी सीबीआई के रडार पर। कभी भाजपा के बागी नेता सच्चिदानंद राय निशाने पर तो कभी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के पीए रडार पर और फिर दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सीबीआई की हिरासत में। विपक्षी नेताओं पर एक के ऊपर एक धड़ाधड़ सीबीआई की छापेमारी और उसके द्वारा की गई गिरफ्तारी केंद्र सरकार की दुर्भावना को दर्शाता है। उक्त बातें जाने माने शिक्षाविद् एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने कही। उन्होंने इस तरह की कार्रवाई के बाद केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि 2024 के चुनाव में विपक्षी एकता के मद्देनजर ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र की वर्तमान सरकार डर गई है। और इसी डर के मारे वो विपक्षी नेताओं को सीबीआई के माध्यम से लगातार परेशान कर रही है। उन्होंने हेमंत विश्व शर्मा और नारायण राणे व अन्य का उदाहरण देते हुए यह भी आरोप लगाया कि वैसे विपक्षी दल के नेता जो की डर से भाजपा रूपी गंगा में गोते लगा लेते हैं या फिर उसकी गोद में जाकर बैठ जाते हैं उनके खिलाफ सीबीआई की कार्रवाई न केवल धीमी पड़ जाती है बल्कि थम भी जाती है।लेकिन भाजपा और उनकी नीतियों के खिलाफ खुल कर मुखालफात करने वाले विपक्षी नेताओं को केंद्र सरकार द्वारा लगातार परेशान किया जाता है। जो की लोकतंत्र के लिए कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे ऐसे कृत्य का कांग्रेस पार्टी की ओर से हम सभी तीव्र भर्त्सना । इधर, ऐसी कार्रवाई की भर्त्सना करने वालों में कांग्रेस दर्पण के संपादक डॉक्टर संजय यादव, कार्यकारी संपादक शिशिर कौण्डिल्य, राज छवि राज, युथ कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन अमित कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल शर्मा, अशोक प्रियदर्शी, कन्हैया शर्मा, बबलू शर्मा, सरवर मल्लिक, जहानाबाद जिला अध्यक्ष हरि नारायण द्विवेदी , हेमंत यादव, किरानी यादव आदि प्रमुख थे।



**-डॉ.चंद्रिका प्रसाद यादव, शिक्षाविद् सह सदस्य, पॉलिटिकल अफेयर कमिटी, कांग्रेस पार्टी, बिहार प्रदेश।**









# भारतीय युवा कांग्रेस की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक का यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो के संकल्प के साथ हुआ समापन

पटना । कांग्रेस दर्पण

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक का ₹यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो₹ के संदेश के संकल्प के साथ हुआ समापन। बैठक में भारतीय युवा कांग्रेस के सभी राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य गण और सभी प्रदेश अध्यक्ष गण, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी. वी. जी और राष्ट्रीय प्रभारी व एआईसीसी सह सचिव श्री कृष्णा अल्लावारु जी के नेतृत्व में उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य तौर पर इन तीन दिनों में, पहले दिन पर कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री सलीम अहमद जी ने, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री सूरज हेगड़े जी ने, कर्नाटक के विधायक और प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री श्री कृष्णा बायरे गौड़ा जी ने, एआईसीसी प्रभारी श्री दिनेश गुंडू राव जी ने, कर्नाटक प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और वर्तमान विधायक श्री के. जे. जॉर्ज जी ने, पूर्व आईएएस अधिकारी और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के नियंत्रण कक्ष के प्रभारी श्री शशिकांत सेंथिल जी ने, दूसरे दिन पर कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री डी. के. शिवकुमार जी ने, कर्नाटक कांग्रेस के विधायक श्री रिजवान अरशद जी ने और तीसरे दिन कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के प्रभारी श्री प्रियंक खरगे जी ने और जवाहर बाल मंच के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री जी. वी. हरी जी ने उपस्थित सभी साथियों को संबोधित किया।

तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक में अनेक विषयों पर गहन चिंतन और विचार विमर्श हुआ, बैठक की शुरुवात ध्वजा रोहण कार्यक्रम और वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। जिसके उपरांत भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने और राष्ट्रीय प्रभारी और एआईसीसी सचिव श्री कृष्णा अल्लावारू जी ने भी उपस्थित सभी लोगो को संबोधित किया।

संघठन के प्रमुख कार्यक्रम जैसे की ₹यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो₹, ₹यूथ कनेक्ट कार्यक्रम₹, ₹एक बूथ पांच यूथ₹, आगामी विधानसभा चुनावों के संबंध में चुनाव मैनेजमेंट कार्यक्रम, पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही साथ देश की गिरती अर्थव्यवस्था, बढ़ती महँगाई और बेरोज़गारी, नफरत और हिंसा व अन्य ज्वलंत समस्याओं को लेकर भी तीन दिवसीय कार्यकारिणी बैठक में इन तमाम मुद्दों पर चिंतन हुआ एवं आगे की रणनीति तय की गई।

भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में कई मुख्य संकल्प संघठन की दृष्टि से और देश के ज्वलंत मुद्दों के नजरिए से पारित किए गए, जिसमे सबसे मुख्य मुद्दा रहा की देश के हर बूथ पर युवाओं को जोड़ना और कांग्रेस पार्टी के संदेश को देश के हर हिस्से तक पहुंचाना, सभी सदस्यो ने सर्वसम्मति से इस संकल्प को पारित किया। तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक में आए कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री डी. के. शिवकुमार जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओ ने सत्ता का त्याग कर देश की सेवा को अपना धर्म माना है, ये कांग्रेस की विचारधारा है और यही देश की भी विचारधारा है। कर्नाटक में भाजपा के राज में भ्रष्टाचार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा, जनता त्रस्त है भाजपा के राज में, कर्नाटक में आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी और जनता के हितों के लिए काम करेगी। श्री दिनेश गुंडू राव जी ने कहा कि कर्नाटक के आगामी विधानसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है और कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ ये चुनाव जीतेगी। श्री प्रियंक खरगे जी ने कहा कि आज प्रदेश और देश के युवा बेरोजगारी से त्रस्त है और भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में मस्त है, कांग्रेस पार्टी ही देश में युवाओं को रोजगार और जनता को इन भ्रष्ट नीतियों से निजात दिला सकती है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी. वी. जी ने कहा कि तीन दिवसीय बैठक में चर्चा के बाद भारतीय युवा कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के संदेश को जन जन तक पहुंचाना है और साथ ही साथ देश के आखिरी बूथ तक यूथ को जोड़ना है। उन्होंने यह भी कहा कि श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में हुई भारत जोड़ो यात्रा की लोकप्रियता से भाजपा और केंद्र सरकार डर गई है, इसलिए उनकी कही हुई बातों को संसद में हटा दिया जाता है, पर देश की जनता ने नफरत के खिलाफ एक जुट होकर प्यार के रास्ते पर चलने का फैसला कर लिया है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी और एआईसीसी सह सचिव श्री कृष्णा अल्लावारू जी ने कहा कि विविधता में एकता भारत की पहचान है। इसी पहचान को बचाए रखने के लिए श्री राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा को शुरू किया। युवा कांग्रेस के साथियों ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस संदेश को विभिन्न माध्यमों से देशभर में जन जन तक पहुंचाने का हम सभी ने संकल्प लिया है। भारतीय युवा कांग्रेस की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक का आयोजन बेंगलुरू में किया गया, जिसका समापन कल देर शाम हुआ, इस दौरान बैठक में सभी राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य गण और सभी प्रदेश अध्यक्ष गण उपस्थित रहे। **-वरुण पांडेय, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, भारतीय युवा कांग्रेस।**



**आगामी 2023 के विधानसभा चुनावों में और 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी से जुड़ेगा युवा, जुड़ेगा देशः श्रीनिवास बी. वी.।**

**कर्नाटक की '40% कमीशन सरकार' को सत्ता से हटाना हम सब का मुख्य उद्देश्य हैः श्रीनिवास बी. वी.।**

**आज देश के सामने नफरत, महंगाई, बेरोजगारी समेत अनगिनत समस्याएं हैं। युवा संगठन होने के नाते ये हमारी जिम्मेदारी है कि हम जनता की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाएंः कृष्णा अल्लावारू।**






# बढ़ती मंहगाई की मार के बीच बुझ रही गरीब के 'गैस चूल्हों' की आग

पटना। कांग्रेस दर्पण

एक ज़माना था, जब भाषणों का दौर शुरू हुआ और जुमलों की बारिश में पूरा हिंदुस्तान बह रहा था। उस दौर में छठें सिलेंडर मात्र 410 रूपये का मिलता था। 410 रूपये का वो सिलेंडर सबको महंगा दिखाया गया। स्मृति ईरानी और पूरी भाजपा सड़कों पर उतर आई। 2014 के बाद देश में महंगाई हर रोज बढ़ी और सिलेंडर की गैस गरीबों के चूल्हे की आग बनने की बजाय बुझने लगी।

410 रूपये में मिलने वाला सिलेंडर आज 1100 रूपये से ज्यादा का हो गया। भाषणों में महंगाई पर गला फाड़कर चिल्लाने वाले भाजपा




नेता मौन व्रत धारण करके बैठे हुए हैं। जनता को भ्रमित करके वोट की राजनीति करने वाले प्रधानसेवक खामोश हैं। बढ़ती मंहगाई आज हिन्दुस्तान के हर घर की रसोई तक पहुंच गई है। जनता सिलेंडर के बढ़ते दामों से परेशान है और सरकार ने जनता की भावनाओं से मुंह मोड़ लिया है। उज्वला योजना में मिले सिलेंडर खाली हैं और सब्सिडी बंद है। महिलाएं आज फिर से लकड़ी जलाकर खाना बनाने को मजबूर हैं। मोदी सरकार के सबका साथ सबका विकास का दावा सरकार की तरह ही खोखला निकला। गैस सिलेंडर की महंगाई अब हर घर का चूल्हा बुझा रही है। मोदी सरकार जनता को तड़पा रही है।



जब देश में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है और एक व्यक्ति अपने राजनीतिक संबंधों के कारण सारा पैसा कमा रहा है, तो देश की ताकत और ऊर्जा बर्बाद हो जाती है।


-राहुल गांधी जी




जो विपक्षी नेता भाजपा के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं, उन्हें ED CBI के जरिये प्रताड़ित किया जा रहा है।

आज राबड़ी देवी जी को परेशान किया जा रहा है। @lalu prasad rjd जी व उनके परिवार को वर्षों से प्रताड़ित किया जा रहा है, क्योंकि वे झुके नहीं। भाजपा विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है।

-प्रियंका गांधी वाड्रा



# श्रीकृष्ण आश्रम अरवल के होली मिलन में शिरकत किए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष








**पटना।कांग्रेस दर्पण**

आज जिला कांग्रेस मुख्यालय श्रीकृष्ण आश्रम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह भी उपस्थित रहें.

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ धनंजय शर्मा जी के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि होली का त्योहार सभी पुरानी बातों को भूलने का त्योहार है. कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ धनंजय शर्मा जो कि मेरे अपने भतीजे हैं इन्होंने ने अरवल में कांग्रेस पार्टी का भव्य भवन निर्माण करा कर काबिले तारीफ काम किए है. साथ ही इन्होंने जिले में कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया है. इनमे संगठन क्षमता बहुत है. जिले के कांग्रेस टीम को बहुत बहुत धन्यवाद.

आज के इस कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष एडवोकेट निसार अख्तर अंसारी, उपाध्यक्षगण श्री कामेश्वर शर्मा, प्रो मदन यादव, मोहिउद्दीन अंसारी, प्रवक्ता मो जावेद अख्तर, महासचिव नईम अंसारी, रामबिनय सिंह, मो कैफ, राजेश कुमार, काशीराम पासवान, सेजाम खान, इस्लाम अंसारी, बागेश शर्मा, मधुसूदन शर्मा, शैलेश शर्मा, पंकज नारायण मिश्रा, सुरेंद्र यादव, शहजाद अंसारी, बेकटेश शर्मा, कृष्णमुरारी, रविशंकर शर्मा, गोलू शर्मा, प्रिंस अख्तर, अमन अख्तर, भोलानाथ गोस्वामी सहीत अनेक वरीय कांग्रेसजन उपस्थित होकर एक दुसरे को होली की मुबारकबाद दिए.



# खाना भी महंगा और पकाना भी महंगा, मोदी जी ने दिया है, नया तोहफा


**पटना । कांग्रेस दर्पण**




महिला नगर कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष शमा प्रवीण ने नगर परिषद के बड़ी कोठिया में स्थानीय महिलाओं के साथ मोदी सरकार द्वारा घरेलू गैस के मूल्यों में अप्रत्याशित वृद्धि को लेकर मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी का अंगीठी सुलगा कर होली का पकवान बनाकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया एवं गृहणियों ने कहा, खाना भी महंगा और पकाना भी महंगा, मोदी जी ने दिया है, नया तोहफा। महिला नगर अध्यक्ष शमा प्रवीण ने बातचीत के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना मोदी सरकार द्वारा प्रारंभ की गई थी।इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार की महिलाओं को रियायती दर पर अथवा निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराना, समाज सुधार तथा सामाजिक कल्याण था। रसोई गैस के दाम बढ़ने से आमजन को कठिनाईया झेलनी पड़ती हैं।विगत वर्षों से रसोई गैस के दामों में जब भी अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, कांग्रेस पार्टी ने देशभर में विरोध प्रदर्शन किया है। इसी बीच कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष रौशन चंद्रवंशी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत ?50 बढ़ गई है। रसोई गैस सिलेंडर में ये इजाफा करीब आठ महीने बाद देखने को मिला है। वही, 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में ? 350.50 का बढ़ोत्तरी किया गया है। साथ ही कमर्शियल गैसों के दाम बढ़ने से अप्रत्यक्ष रूप से भी महंगाई बढ़ती है, जैसे कि कर्मिशयल वाहनो का किराया बढ़ना। कांग्रेस पार्टी ने देश की अर्थव्यवस्था को 'बॉटम टू टॉप' बनाया है, वही मोदी जी देश की जनता की बचत को 'टॉप टू बॉटम' कर रहे है।इस मौके पर उपस्थित जिला प्रवक्ता अरुण कुमार, कांग्रेस नेता संजीव कुमार, प्रदीप कुमार राणा, फुलचन्द्र यादव, मोहम्मद रिजवान अहमद, चॉदनी देवी, विभा देवी, संगीता कुमारी, रीना कुमारी आदि मौजूद थे।




| साल | भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी |
|---|---|
| 2015 | 1,31,489 |
| 2016 | 1,41,603 |
| 2017 | 1,33,049 |
| 2018 | 1,34,561 |
| 2019 | 1,44,017 |
| 2020 | 85,256 |
| 2021 | 1,63,370 |
| 2022 | 2,25,620 |



# शिक्षा से ही बच्चे बनते हैं इंसान: एम आई आदिल




**पटना । कांग्रेस दर्पण**

सर्वोदय इंटरनेशनल स्कूल परिहार सीतामढ़ी द्वारा द्वितिय वर्षगाँठ पर विद्यालय परिसर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथि एम आई आदिल अध्यक्ष प्रखंड काँग्रेस कमिटी, परिहार उपस्थित रहे कार्यक्रम में बच्चे बच्चियों द्वारा संस्कृतिक कला का प्रदर्शन किया गया इस कार्यक्रम में सर्वोदय इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में एम आई आदिल ने विद्यालय के कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र छात्राओं के सराहनीय प्रदर्शन को देखते हुए सभी बच्चों को कॉपी कलम भेंट कर प्रोत्साहित किया ताकि बच्चों की हौसला अफ़ज़ाई हो और आगे शिक्षा के मार्ग पर अग्रसर हो एम आई आदिल ने संबोधन करते हुए अभिभावकों से अनुरोध किया कि चाहे जो भी कठिनाई हो निश्चित रूप से अपने बच्चों को शिक्षा देने का हर संभव प्रयास करें कियूँ कि शिक्षा ही बच्चों को इंसान बनाती है और सही मार्ग दिखाती है शिक्षित मनुष्य ही अपने देश को विकसित कर सकता है शिक्षा ही मनुष्य को मानवता की पहचान करता है साथ ही स्कूल की ओर से समस्त अभिभावकों एवं बच्चों प्रीति भोज खिला गया कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों समेत अभिभावक उपस्थित रहे ! अब्दुल हई, संतोष सिंह, सूचिन्द्र मिश्रा, अबुल हसन, चन्द्र मोहन झा, शमसुल हक़, कन्हैया कुमार, मो० अशफान, मो० ज़िकरुल्लाह, मो० अरमान बाबू, मो० आमिर आदिल, मो० अफ़ज़ाल आदिल समेत सैकड़ों उपस्थित रहे

# डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी के अरवल में स्वागत अभिनंदन



**पटना । कांग्रेस दर्पण**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदरणीय डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी के अरवल जिला में आगमन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से उनके स्वागत अभिनंदन के लिए शिरकत करते कुर्था प्रखंड अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता राम बिनय सिंह जिला अध्यक्ष डॉक्टर धनंजय शर्मा, बंसी प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कैफ अंसारी, मोहम्मद असलम अंसारी, रंजीत तिवारी पप्पू यादव शिव शंकर यादव बागी शर्मा मोहम्मद असलम अंसारी मोहम्मद शहजाद अंसारी पुण्य देव यादव मोहम्मद निसार अख्तर अंसारी, मोहम्मद जावेद अंसारी, सुरेंद्र यादव, पंकज मिश्रा, उमाकांत पांडे, श्याम सुंदर शर्मा अशोक यादव, रामेश्वर शर्मा, लालमुनि भारती, अरुण भारती, संजय सिन्हा प्रोफेसर मदन यादव, रविशंकर शर्मा एवं बहुत सारे कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता ने शिरकत किया






# अडानी प्रकरण के खिलाफ गया में एल आई सी कार्यालय शाखा 02 के समक्ष प्रदर्शन

पटना। कांग्रेस दर्पण

**गया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवम् बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देशन में अडानी प्रकरण के खिलाफ गया एल आई सी कार्यालय शाखा 02, सवराज्यपुरी रोड, के समक्ष कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर एल आई सी पॉलिसी धारकों की जमा राशि एवम् उसके नियमानुकूल सभी पॉलिसी रकम को समय से लौटाने की मांग केंद्र सरकार से किया।

प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, मो मूसा , युगल किशोर सिंह, दामोदर गोस्वामी, सुजीत कुमार,

प्रद्युमन दुबे, राजकिशोर शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, शिव कुमार चौरसिया, अमरजीत कुमार, टिंकू गिरी, मो समद, खालिद अमीन, मो अहमद रजा खां, सुरेंद्र मांझी आदि ने कहा की देश के गरीब, मध्यवर्गीय परिवार, सरकारी, गैर सरकारी कर्मचारी, अपना पेट काट कर, ऐन केन प्रकार से पैसे की बचत कर अपने बच्चो की पढ़ाई, बेटी की शादी, तथा जीवन सुरक्षा हेतु एल आई सी का पॉलिसी लेते है, जिनकी संख्या देशभर में 30 करोड़ लोगो की है,




जिनकी जमा हजारों करोड़ रुपया मोदी सरकार के इशारे पर अडानी ग्रुप को मुहैया कराया गया है, जिन ग्रुप का शेयर काफी गिर गया है, एल आई सी संस्था जो दूसरे की जीवन सुरक्षा देती है, वो अब अपनी जीवन बचाने की गुहार कर रही है।

नेताओ ने कहा की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महाधिवेशन में यह निर्णय लिया गया है की कांग्रेस पार्टी 03 से 06 मार्च तक प्रखंडों में एल आई सी कार्यालयों के सामने धरना, प्रदर्शन करने, जिलों में पर्दाफाश रैली कर, तथा 13 मार्च को प्रदेश मुख्यालय में * चलो राजभवन कार्यक्रम * तथा अप्रैल में राज्यो की राजधानी में पर्दाफाश रैली होगा जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे या श्री राहुल गांधी जी शामिल होंगे।

नेताओ ने कहा की विगत नौ वर्षो से देश में हम दो हमारे दो यानी मोदी, शाह अडानी, अंबानी की सरकार चल रही है, जिस अडानी का संपति सन 2014 में विश्व के 609 वें स्थान पर था वो 2022 में दूसरे स्थान पर पहुंच गए ।

नेताओ ने कहा की भाजपा अडानी, अंबानी सहित चंद पूंजीपतियों के बीच सरकारी खजाने, बैंक, एल आई सी जैसे संस्था यानी जनता की गाढ़ी कमाई को लुटावा रही है।

भवदीय
विजय कुमार मिठू

# भक्ति और भाईचारे के रंगों से सजा है होली का त्यौहार

पटना। इंजीनियर मोहिउद्दीन खान

हमारे भारत देश में तरह-तरह के त्यौहार हैं। सबका अपना-अपना महत्व है और अपने अपने तौर-तरीके। लेकिन इन सब त्योहारों में भी होली का जो महात्म्य है, उसकी तुलना भारत तो क्या संसार के किसी त्योहार से करना कठिन है। होली के पर्व में जहां भक्ति के रंग हैं, वही भाईचारे की मिठास भी है।

शास्त्रों की दृष्टि से देखें तो होली विशुद्ध रूप से सत्य निष्ठा का पर्व है। ईश्वर के प्रति सच्ची भक्ति का त्यौहार है। भक्त प्रहलाद अपने पिता के खिलाफ सत्य और ईश्वर की भक्ति पर अडिग रहते हैं और इस सत्य पर कायम रहने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने को भी तत्पर रहते हैं। इस तरह होली का त्यौहार हमें बताता है कि हमें हर सूरत में बुराई से दूर रहना है, उस स्थिति में जबकि बुराई हमारा सबसे कोई सम्मानित या प्रिय व्यक्ति भी कर रहा हो।

भक्त प्रहलाद की कथा में होलिका का दहन हो जाता है और प्रहलाद पूरी तरह सुरक्षित होकर बाहर निकल आते हैं। इस कथा का मर्म यही है कि बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों ना हो अंततः वह अच्छाई के सामने धू-धू करके जल जाती है। इस गहरे शास्त्रीय और आध्यात्मिक अर्थ के साथ ही होली का दूसरा स्वरूप है, जो होलिका दहन के अगले दिन हमें दिखाई देता है। लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हैं, जिनसे वर्षों से बोलचाल खत्म हो गया हो, उनसे भी जाकर मिलते हैं और प्रेम के सूखते हुए पौधे में रंगों की बौछार डालते हैं।यह रंगों की बौछार हमारे भारतीय समाज को इतनी प्रिय है कि बहुत से इलाकों में होली के दिन और दोज के दिन यानी 2 दिन तक होली मनाई जाती है।

यही एक त्यौहार ऐसा है जिसमें मनुष्य को अनुशासन से बाहर आने की छूट हमारा समाज देता है। रंगों की तरंग में बड़े और छोटे का सख्त अनुशासन शिथिल हो जाता है। जिनसे हमेशा मान मर्यादा में बातचीत होती है उनसे भी हंसी मजाक करने की छूट मिल जाती है। सामान्य तौर पर किसी भी पर्व में अपने-अपने दायरे में रहने वाले स्त्री और पुरुष भी कम से कम इस त्यौहार पर रंग खेलने के अधिकारी बन जाते हैं।जगह-जगह होली मिलन समारोह होते हैं, जो समाज में एक नए किस्म की सामाजिकता और प्रीति का संचार करते हैं। जाहिर है हमारे पुरखों ने एक ऐसे समय पर होली का त्यौहार रखा जब सर्दी लगभग जा चुकी होती है और गर्मी आने को आतुर होती है। ऐसे मौसम में रंगों की फुहार शरीर और मन दोनों को शीतलता देती है।

इतने सुंदर और सौहार्द के पर्व में कुछ लोग जानबूझकर नशे की अती भी कर लेते हैं और कभी कभी इसी उन्माद में झगड़े भी हो जाते हैं। इसलिए त्यौहार मनाते समय हम सब इस बात का ध्यान रखेंगे कि होली भाईचारे का त्यौहार है, नशा करके भाई का भाई से झगड़ा करने का त्यौहार नहीं है। उल्लास का त्यौहार है तो मौज मस्ती पर कोई रोक तो है नहीं, लेकिन ऐसा कोई काम ना करें कि पूरे साल तक

होली कोई अवसाद हमारी या हमारे दोस्तों के दिलों में छोड़ जाए। आप सभी को होली और रंग पंचमी की अग्रिम शुभकामनाएं। आपके जीवन में इसी तरह हमेशा रंग बरसती रहे।



# होली और शबेबरात के ढेर सारी शुभकामनाएं हमारे देश वासियों को : इंजिनियर टीपू

पटना।कांग्रेस दर्पण

सभी भारतीय से निवेदन करता हुं इस बार नफरत की राजनीति का होलिका दहन करके सभी लोग आपस में एक होके तानाशाह सरकार को हटाके गरीबों का किसान का आम आदमी का दर्द सुनने वाले पार्टी कांग्रेस को लाने का समय आ गया है नफरती नेताओं द्वारा जनता को गुमराह किया जा रहा अंग्रेज बाली निति बनाई जा रही फूट डालो राज करो इस नीति को हम सभी देश वासियों को मिलके खतम करना होगा पहले के तरह हम सब को एक होना होगा ,जय हिंद



# राहुल गांधी का संदेश जो नफरत के बाजार में मोहब्बत बाटना है घर घर तक पहचाना

पटना।कांग्रेस दर्पण

बिहार के सभी साथियों को बिहार प्रदेश सचिब राहुल कुमार झा के ओर से आप सभी को होली और होलिका दहन की हार्दिक शुभकामनाएं इस होलिका दहन में हम लोग प्राण करे कि RSS और BJP के द्वारा जो समाज मे जहर घोला जा रहा है उसे हमलोगो दहन कर होलिका दहन का पर्व मनाएंगे और राहुल गांधी का संदेश जो नफरत के बाजार में मोहब्बत बाटना है घर घर तक पहचाना है।



# कांग्रेस पार्टी उच्चतम न्यायालय के एक ऐतिहासिक फैशले का फैशले का पूर्णतया समर्थन

पटना।कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस पार्टी उच्चतम न्यायालय के एक ऐतिहासिक फैशले का फैशले का पूर्णतया समर्थन करती है। जिसमे चुनाव आयोग के सदस्यों की चयन प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट के संबैधानिक पीठ ने बदल दिया है।अब चुनाव आयोग के सदस्यों का चुनाव तीन सदस्यीय समिति करेगी।जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता या विपक्ष के सबसे बड़े दल के नेता तथा उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश कमिटी के सदस्य होंगे।अभी तक चुनाव आयोग के सदस्यों का चुनाव भारत सरकार के द्वारा नामित होता था।सरकार द्वारा नामित चुनाव आयोग पर हमेशा प्रश्न चिन्ह लगा रहता था।हाल के दिनों में तो आयोग के विश्वनीयता पर भी गंभीर



प्रश्न उठाये जाने लगे थे।चुनाव आयोग की अविश्वनीयता से चुनाव आयोग की निष्ठता पर संदेह होने लगा था,जो भारतीय लोकतंत्र के लिए घातक स्थिति थी।कुछ वर्षों से चुनाव आयोग की सदस्यों के चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाये जा रहे थे।और इस प्रक्रिया को बदलने की मांग उठाई जा रही थी।मान्यनिय उच्चतम न्यायालय के फैशले से आयोग की विश्वसनीयता तो बढ़ेगी ही साथ ही इस ऐतिहासिक फैसले ने यह संदेश दिया है कि हम किसी के दवाव में नही आयेंगे।हम सभी कांग्रेस जन इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हैं।

**- सुरेश प्रसाद यादव, अध्यक्ष, बिहार प्रदेश इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड।**



आज मुजफ्फरपुर जिला के खेतलपुर में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पोखरैरा पंचायत की टीम ने फिर रचा इतिहास,फाइनल में पहुंच कर शानदार जीत दर्ज किया। जितने के बाद विनर ट्राफी के साथ पोखरैरा पंचायत पहुंची टीम , सभ खिलाड़ी का सीतामढ़ी जिला महासचिव युवा कांग्रेस श्री कमालुद्दीन रजा ने किया भव्य स्वागत, कप्तान समेत सभी प्लेयर का हौसला अफजाई करते हुए श्री कमालुद्दीन रजा ने जीत की बधाई दी और साथ ही कहा आप सभी आगे भी बेहतर खेलें,जिससे जिला ,बिहार और देश का नाम रौशन करें। सभी खिलाड़ीयो को भरोसा दिलाया कि आप अगर आगे जिला स्तर ,या बिहार के लिए खेलना चाहते हैं तो मैं हर संभव मदद करूंगा।कांग्रेस पार्टी हमेशा हर क्षेत्र में युवाओं को बढ़ावा दिया ,चाहे युवा जिस प्रतियोगिता या विभाग में जाने की रुचि लगन और देश के लिए बेहतर करने का जज्बा रखे, टीम में ,चांद , कैफ़ी, जुबैर,राशिद, जेयाउल्लाह , रजवी,इम्तियाज, साकिब,आमिर,शाकिर, इमाम,सभी ने बेहतर खेला।

**-कमालुद्दीन रजा युवा कांग्रेस जिला महासचिव सीतामढ़ी**